दिनांक 14.12.2021

टीकाकरण के लिये हर घर दस्तक अभियान, 15 दिसंबर को टीकाकरण महाअभियान

भिलाईनगर/ कोविड से बचाव के लिये 15 दिसम्बर को वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत हर घर दस्तक अभियान अयोजित होगा। इसके लिये एएनएम , वैक्सीनेटर, सीआरपी, मितानीन को टीम में शामिल किया गया है। भिलाई के सभी 70 वार्डो में टीकाकरण महाअभियान के लिये 209 क्षेत्रो को सम्मिलित करते हुए 1350 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह वैक्सीनेशन सेंटर में भी उपलब्ध होंगे और डोर टू डोर कैंपेन भी करेंगे। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे विगत तीन दिनों से टीकाकरण अभियान को लेकर जोन आयुक्त एवं अधीनस्थ अधिकारियो/कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित कर रहे है। वहीं टीकाकरण से छूटे हुए लोगो का फील्ड सर्वे कार्य किया जा रहा है , ताकि प्रथम डोज एवं द्वितीय डोज के छुटे हुये व्यक्तियों का टीकाकरण हो सके। नोडल अधिकारी सुनील अग्रहरि ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 दिसंबर के दिन हर घर दस्तक अभियान के तहत शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक वार्ड के लिये तीन वैक्सीनेशन सेंटर निर्धारित किये गये है। प्रत्येक जोन आयुक्त को टीकाकरण के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। टीकाकरण के लिए प्रेरित करने मुनादी एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार निगम क्षेत्रो में किया जा रहा है। शत प्रतिशत कोविड टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने सर्वे 100 प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सीआरपी घर-घर जाकर सर्वे कर रही है। सर्वे उपरांत ऐसे लोग जिनका कोविड टीकाकरण नहीं हुआ है उन्हें सूची में लाल रंग , जिनका पहला डोज पूर्ण हो चुका है एवं दूसरे डोज लगाये जाने की तिथि पूर्ण हो गई है उन्हें पीला रंग , जिनका पहला डोज पूर्ण हो चुका है और दूसरे डोज की तिथि पूर्ण नहीं हुई है उन्हें भी पीला रंग एवं जिनका दोनो डोज का टीकाकरण हो चुका है उन्हें हरा रंग से मार्क कर चिन्हांकित किया गया है ताकि इस अनुरूप छूटे हुए लोगों का टीकाकरण पूर्ण हो सके।